लाभ मिल सकता है। स्पेस में भी इसका उपयोग होगा तो हमारा देश निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा और हमारे देश का विकास होगा और हमारे यहां जो गरीबी है वह दूर होगी, बेरोजगारी दूर होगी? साइंस और टैक्नालाजी की सहायता से हम विकास करने की कोशिश करेंगे। जितनी भी देश में बेरोजगारी है उसको दूर करने में और तमाम लोगों को काम देने के लिये भाषण करने से या खाली प्रदर्शन करने से कुछ नहीं होगी। इसके लिये साइंस एंड टैक्नालाजी का उपयोग करना पड़ेगा। इसलिये इस बात को ध्यान में रखकर साइंस एंड टैक्नालाजी की बहुत उपयोगिता है हमें अपनी श्रम शक्ति को इसमें लगाना है साथ ही साथ हमारे देश के जो एक्सपर्ट हैं, वैज्ञानिक हैं, कृषि वैज्ञानिक है, जो इन चीजों में दिलचस्पी रखते हैं उनकी सहायता से हमारे देश में गरीबी दूर होगी, बेरोजगारी दूर होगी। अधिक आकड़ों में न जा कर मैंने इन्हीं चीजों पर कहा है अधिक समय न ले कर मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि आप लोगों ने जो कहा है इसके लिए मैं आपका बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं।

SHRI SURESH KALMADI : He has not answered even one of my questions. This shows the lethargy of the Government to the unemployment problem as a whole. I walk out of the House in protest.

(At this stage the hon. Member left the Chamber)

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, सेंट्रल गवर्नमेंट की सर्विसेज में आपने डेढ़ साल से बैन लगाया हुआ है, यह बैन आप कब तक उठायेंगे पिछले डेढ़ साल से कोई भी इम्पालयमेंट नहीं हो रहा है, नयी रिक्रुटमेंट नहीं हो रही है, मैं यह जाना चाहता हूं कि यह बैन कब उठेगा।

श्री चन्दूलाल चन्द्राकर : आप एक चीज को मान लीजिय, मैं अधिक चर्चा में नहीं जाना चाहता। अभी जो बैन है वह इस तरह से नहीं कि माननीय सदस्य कह रहे हैं। जहां पर जरूरत पड़ती है (**व्यवधान**) अगर किसी जगह बैन है लेकिन रिक्रुटमेंट के लिए हायर अथार्टी की परमिशन लेनी पड़ती है। जहां बहुत आवश्यक हो वहां परिमिशन लेनी पड़ती है! ऐसा नहीं है कि बैन के साथ बिलकुल भर्ती नहीं की जाती जहां आवश्यक होती है वहां भर्ती की जाती है और जहां सुपरफलुयस पोस्ट हो वहां भर्ती नहीं की जाती है।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार) : कोआप्रेटिव बैंक्स में भी बन्द है (**व्यवधान**)

श्री कल्पनाथ राय : यह सवाल नीतिगत है'। (**व्यवधान**) सेंट्रल गवर्नमेंट की नौकरियों में पिछले डेढ़ साल से बैन लगा हुआ है तो क्या सरकार की यह नीति है, बैन हटेगा या नहीं हटेगा। यह नहीं मिनिस्टर चाहे तो भर्ती कर लें न चाहे तो न करें?

श्री चन्दूलाल चन्द्राकर : मैं यह कह रहा हूं कि इस तरह से कोई नीति नहीं है। इस तरह से नीति नही है जहां आवश्यक होता है वहां हायर बाडी से कैबीनेट की अप्रुवल ली जाती है। (**व्यवधान**)

THE KHADI AND VILLAGE INDUSTRIES COMMISSION (AMENDMENT) BILL, 1985

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT (SHRI M. ARUNACHALAM) : Madam, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Khadi and Village Industries Commission Act, 1956.

The question was put and the was adopted.

SHRI M. ARUNACHALAM Madam, I introduce the Bill.